जीवे अवसर के पास उसकी अनुमति के लिए भेज दिया जाता है।

⇒ प्रतिवर्ष फरवरी माह में वित्त मंत्री कॉमन्स सभा को अपना वार्षिक बजट प्रस्तुत करता है और इसे स्वीकृत करके कॉमन्स सभा आगामी वर्ष के आय व्यय का निर्धारण करती है। कॉमन्स सभा की स्वीकृति के बिना न तो कोई धन व्यय किया जा सकता है और न कोई कर लगाया जा सकता है। यहाँ यह उल्लेखनीय है कि वित्त विधेयक कॉमन्स सभा में प्रस्तुत किए जाते हैं और कॉमन्स सभा की इच्छा के विरुद्ध मंत्रिपरिषद् भी व्यय नहीं कर सकती। लेकिन वास्तविक स्थिति यह है कि मंत्रिपरिषद् जो चाहती है, करा लेती है। इस तरह वित्तीय मामलों में वास्तविक नियंत्रण मंत्रिपरिषद् का ही हो जाता है।

(2) कार्यपालिका पर नियंत्रण (Control over the Executive) —
ब्रिटेन में कार्यपालिका पर नियंत्रण सिर्फ कॉमन्स सभा का है, लॉर्ड्स सभा का नहीं। कॉमन्स सभा देश के प्रशासन का निरीक्षण एवं नियंत्रण करती है। यह निम्न रूपों में मंत्रिमंडल को नियंत्रित करती है —

(i) मंत्रिमंडल के सदस्य व्यक्तिगत एवं सामूहिक रूप में कॉमन्स सभा के प्रति उत्तरदायी होते हैं। मंत्रिमंडल का नेता प्रधानमंत्री कॉमन्स सभा के बहुमत दल का नेता होता है। मंत्रिमंडल उस समय तक अपने पद पर बना रहता है, जब तक कॉमन्स सभा का विश्वास प्राप्त है।

(ii) कॉमन्स सभा बजट में प्रस्तावित सरकारी व्यय की विविध मदों में कटौती द्वारा, काम रोको प्रस्ताव, अविश्वास के प्रस्ताव, प्रश्नों तथा सरकारी नीतियों एवं विभागों की आलोचनाओं द्वारा कार्यपालिका पर नियंत्रण रखती है।

(ग)

④ जनता की शिकायतों का प्रकाशन (Ventilation to public grievances) — वाद विवाद लोकतंत्र का जीवन तत्व होता है, क्योंकि इसके द्वारा जनता की आवश्यकताएं एवं मांगें प्रकाश में आती है इसके द्वारा सरकार की जनहित नीतियों की आलोचनाएं तथा जनता का राजनैतिक शिक्षण भी होता है संसद सभा के सदस्य जनता द्वारा निर्वाचित होते हैं, अतः वे जनता की शिकायतों को दूर करने का प्रयास करते हैं तथा इन्हें संसद तक पहुंचाते हैं इन्हें प्रश्न तथा इनके कम के स्पष्टीकरण के लिए पूरक प्रश्न करने का अधिकार होता है।

# #